केन्द्रीय माध्यमिक शिक्षा बोर्ड
(शिक्षा मंत्रालय, भारत सरकार के अधीन एक स्वायत्त संगठन)
CENTRAL BOARD OF SECONDARY EDUCATION
(An Autonomous Organisation under the Ministry of Education, Govt. of India)

**सीबीएसई/ मीडिया व जन-संपर्क/परामर्श/ कार्यशालाएँ /** **दिनांक: 24.06.2024**

# अधिसूचना

***'कैरियर परामर्श के माध्यम से स्कूलों में बदलाव'***

**सीबीएसई स्कूल नेतृत्वकर्ताओं ,शिक्षकों ,परामर्शदाताओं ,अभिभावकों और छात्रों के लिए वर्चुअल कार्यशालाएँ (जुलाई2024)**

स्कूल नेतृत्वकर्ताओं, शिक्षकों और परामर्शदाताओं के करियर/मनोवैज्ञानिक परामर्श के क्षेत्र में कार्यगत विकास को सुनिश्चित करने और करियर संबंधी निर्णय लेने की प्रक्रिया में छात्रों और अभिभावकों की सहायता करने के प्रयोजन से, सीबीएसई जुलाई 2024 में प्रशिक्षण कार्यक्रमों की एक श्रृंखला आयोजित करेगा। यह पाँच वर्चुअल कार्यशालाओं की श्रृंखला होगी (विवरण **अनुलग्नक-ए में** दिया गया है), जो प्रति सप्ताह एक हितधारक पर केंद्रित होगी। इसे विशेष रूप से प्रतिभागियों को करियर परामर्श और निर्णय लेने की प्रक्रियाओं के लिए एक समग्र दृष्टिकोण प्रदान करने के लिए डिज़ाइन किया गया है। इन कार्यक्रमों व पंजीकरण का ब्यौरा निम्नवत है:

| क्र. सं. | तिथि और समय | लक्षित हितधारक | विषय एवं वक्ता | लिंक |
|---|---|---|---|---|
| 1 | बुधवार **03 जुलाई 2024 3.00-5.00 अपराह्न IST** | **प्रधानाचार्य /स्कूल नेतृत्वकर्ता** | **विषय** – *प्रिंसिपल पायनियर्स: सीबीएसई स्कूलों के लिए कैरियर काउंसलिंग में नए क्षेत्रों की रूपरेखा तैयार करना*<br><br>**उद्घाटन भाषण** – श्री राहुल सिंह, अध्यक्ष, सीबीएसई<br><br>**स्वागत भाषण** – श्री हिमांशु गुप्ता, सचिव, सीबीएसई<br><br>**संदर्भ स्थापन** – गणेश कोहली, संस्थापक, आईसी 3 संस्थान<br><br>**मुख्य वक्ता**<br>1. अनिल श्रीनिवासन, सह-संस्थापक, Kruu<br>2. अश्विन श्रीशैलन, संस्थापक, AHAA<br><br>**विशेषज्ञ पैनल विवरण**<br>1. समीर अरोड़ा, उप-प्रधानाचार्य, शिव नादर स्कूल, गुरुग्राम<br>2. अनीता पाटणकर, निदेशक, अंतरराष्ट्रीय शिक्षा केंद्र, सिम्बायोसिस अंतरराष्ट्रीय विश्वविद्यालय, पुणे<br>3. जॉन फिशेट्टी, नेतृत्व और स्कूल परिवर्तन के प्रोफेसर, शिक्षा स्कूल, न्यूकैसल विश्वविद्यालय, ऑस्ट्रेलिया<br>ज्योति गुप्ता, निदेशक - प्राचार्य, के.आर. मंगलम वर्ल्ड स्कूल, दिल्ली (मॉडरेटर) | **वेबएक्स के लिए पंजीकरण लिंक:**<br>https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSfMQDsZRE9PGjYxznG7nPHLR4cnNNEmpkCd98xRUskbchISeQ/viewform<br><br>**वेबिनार लिंक:**<br>https://youtube.com/live/nAD_APwEgFE |
| ***नोट: यदि पंजीकरण लिंक नहीं खुलता है, तो इसे कॉपी करें और अपने ब्राउज़र के एड्रेस बार में पेस्ट करें।*** | | | | |

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 2 | बुधवार<br>**10 जुलाई 2024 अपराह्न 3.00-5.00 बजे IST** | **शिक्षक** | **विषय** – *रचनान्तरणपरक शिक्षण: सीबीएसई पाठ्यक्रम में कैरियर शिक्षा को एकीकृत करना*<br><br>**संदर्भ स्थापन** – गणेश कोहली, संस्थापक, आईसी 3 संस्थान<br><br>**मुख्य वक्ता**<br>1. डॉ. राम शंकर, निदेशक (प्रशिक्षण),सीबीएसई<br>2. गणेश कोहली, संस्थापक, आईसी 3 संस्थान<br><br>**विशेषज्ञ पैनल विवरण**<br>1. पूनम बोरा, राष्ट्रीय परियोजना अधिकारी, यूनेस्को, भारत<br>2. उपासना किनरा, कॉलेज सलाहकार और व्यवहार परामर्शदाता, डीपीएस दिल्ली<br>3. रूपा चक्रवर्ती, निदेशक, सनसिटी स्कूल<br><br>कृतिका बालाजी, सहायक निदेशक- शैक्षणिक, आईसी 3 संस्थान (मॉडरेटर) | **वेबएक्स के लिए पंजीकरण लिंक:**<br>https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLScg71_wBHChi1piqgP59GUupGrmZ7tJpKltwTDOFhIVJgBupg/viewform<br><br>**वेबिनार लिंक:**<br>https://youtube.com/live/SzYFUdk0bNM |
| 3 | **गुरुवार 18 जुलाई 2024 3.00-5.00 अपराह्न IST** | **परामर्शदाता** | **विषय** – *विवेकपूर्ण करियर निर्माण: सीबीएसई स्कूलों में काउंसलिंग पर पुनर्विचार*<br><br>**संदर्भ स्थापन** –कृतिका बालाजी, सहायक निदेशक-शैक्षणिक, आईसी 3 संस्थान<br><br>**मुख्य वक्ता**<br>1. डॉ. बिश्वजीत साहा, निदेशक (कौशल शिक्षा), सीबीएसई<br>2. साजी वर्गीस, संस्थापक, सनबर्ड स्ट्रॉज़<br><br>**विशेषज्ञ पैनल विवरण**<br>1. गार्गी एम., निदेशक, सिम्बायोसिस सोसाइटी ऑफ स्कूल्स, पुणे<br>2. भक्ति शाह, आउटरीच और परामर्श प्रोफेशनल<br>3. ऑड्रे हेमेटनर, संस्थापक, द बेडरॉक प्रोग्राम<br>4. देवेश वर्मा - ओला फाउंडेशन के प्रमुख<br><br>कृतिका बालाजी, सहायक निदेशक- शैक्षणिक, आईसी3 संस्थान (मॉडरेटर) | **वेबएक्स के लिए पंजीकरण लिंक:**<br>https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLScbB1flHyTxFmVKtgL3IJhFaJdVT0TmlOK6gnQyW7ria_UE-g/viewform<br><br>**वेबिनार लिंक:**<br>https://youtube.com/live/X7z9a-nGtBs |

***नोट: यदि पंजीकरण लिंक नहीं खुलता है, तो इसे कॉपी करें और अपने ब्राउज़र के एड्रेस बार में पेस्ट करें।***

| | | | | |
|---|---|---|---|---|
| 4 | **बुधवार<br>24<br>जुलाई<br>2024<br>3.00–<br>5.00<br>अपराह्न<br>IST** | **अभिभावक** | **विषय** – *चयन की शक्ति: सीबीएसई अभिभावकों को सुविचारित कैरियर निर्णय के लिए सशक्त बनाना*<br><br>**संदर्भ सेटिंग** – गणेश कोहली, संस्थापक, आईसी 3 संस्थान<br><br>**मुख्य वक्ता**<br>1. श्री हिमांशु गुप्ता, सचिव, सीबीएसई<br>2. किरण बिर सेठी, संस्थापक, डिजाइन फॉर चेंज और द रिवरसाइड स्कूल इन इंडिया<br><br>**विशेषज्ञ पैनल विवरण**<br>1. डेवी सांचेज़ नेट्टो, प्रिंसिपल, जेबीसीएन इंटरनेशनल स्कूल, मुंबई<br>2. कोको वोंग, संस्थापक और सीईओ, किड्स इंटरनेशनल<br>3. गौरव रे, उपाध्यक्ष, रणनीति, सेल्सफोर्स इंडिया<br><br>कृतिका बालाजी, सहायक निदेशक- शैक्षणिक, आईसी3 संस्थान (मॉडरेटर) | **वेबएक्स के लिए पंजीकरण लिंक:**<br>https://docs.google.com/forms/d/e/1FAIpQLSfkh81BbtNgWoJ46H-ARW17Di6bqXZWz3339o6us6kDEg-bXA/viewform<br><br>**वेबिनार लिंक:**<br>https://youtube.com/live/GR3W14wFzMY |
| 5 | **सोमवार<br>29<br>जुलाई<br>2024<br>अपराह्न<br>3.00–<br>5.00<br>बजे<br>IST** | **छात्र** | **विषय** - *अंतर्दृष्टि से प्रभाव तक- सीबीएसई छात्र करियर योजना के लिए आत्मचिंतन रणनीतियाँ*<br><br>**संदर्भ स्थापन**– कृतिका बालाजी, सहायक निदेशक- शैक्षणिक, आईसी3 संस्थान<br><br>**मुख्य वक्ता**<br>1. डॉ. संयम भारद्वाज, परीक्षा नियंत्रक, सीबीएसई<br>2. कार्तिक कृष्णन (अध्यक्ष - पर्पल पैच, न्यूयॉर्क)<br><br>**विशेषज्ञ पैनल विवरण**<br>1. पूर्वा परवानी, संस्थापक, क्लेलैब एजुकेशन<br>2. तन्वी रत्ना, संस्थापक और सीईओ, पॉलिसी 4.0<br>3. लुसी सैटलर - संस्थापक और सीईओ, स्टडी वर्क ग्रो<br><br>कृतिका बालाजी, सहायक निदेशक- शैक्षणिक, आईसी3 संस्थान (मॉडरेटर) | छात्रों के लिए पंजीकरण आवश्यक नहीं है।<br><br>वेबिनार लिंक:<br><br>https://youtube.com/live/qwyasI-tExQ |

***नोट: यदि पंजीकरण लिंक नहीं खुलता है, तो इसे कॉपी करें और अपने ब्राउज़र के एड्रेस बार में पेस्ट करें।***

*सभी संबंधित को वेबएक्स पर या लाइवस्ट्रीम के माध्यम से सत्रों में शामिल होने के लिए प्रोत्साहित किया जाता है। लाइव सत्र के समापन के 24 घंटे के भीतर सत्र का फीडबैक फॉर्म जमा करने वाले प्रधानाचार्यों, शिक्षकोण और काउंसलर्स को कार्यशालाओं में सहभागिता का प्रमाण-पत्र प्रदान किया जाएगा। अपरिहार्य परिस्थितियों के कारण सत्र में शामिल नहीं हो पा ने की स्थिति के लिए, सत्र की रिकॉर्डिंग सीबीएसई के आधिकारिक यूट्यूब चैनल –* http://www.youtube.com/@cbsehq*1905* *पर अवलोकन हेतु उपलब्ध कराई जाएगी।*

हस्ता/-

**(हिमांशु गुप्ता)**
**सचिव**

**प्रतिलिपि: निम्नलिखित संबंधित विद्यालयों, निदेशालयों, संगठनों और संस्थानों के प्रमुखों को अपने अधिकार क्षेत्र के अंतर्गत आने वाले सभी विद्यालयों में यह सूचना प्रसारितकरने के अनुरोध सहित :**

1. आयुक्त, केंद्रीय विद्यालय संगठन, 18 इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, शहीद जीत सिंह मार्ग, नई दिल्ली-16
2. आयुक्त, नवोदय विद्यालय समिति, बी-15, सेक्टर-62, इंस्टीट्युशनल क्षेत्र, नोएडा-201309
3. सचिव, एकलव्य मॉडल आवासीय विद्यालय (ईएमआरएस), जनजातीय कार्य मंत्रालय, भारत सरकार
4. सचिव, सैनिक स्कूल सोसाइटी, कमरा नंबर 101, डी-1 विंग, सेना भवन, नई दिल्ली-110001
5. अध्यक्ष, ओडिशा आदर्श विद्यालय संगठन, एन-1/9, दूरदर्शन केंद्र के निकट, पोस्ट ऑफिस सैनिक स्कूल नयापल्ली, भुवनेश्वर, ओडिशा-751005
6. शिक्षा निदेशक, शिक्षा निदेशालय, एनसीटी दिल्ली सरकार, पुराना सचिवालय, दिल्ली-110054
7. जन अनुदेशन निदेशक (स्कूल), संघ राज्य क्षेत्र सचिवालय, सेक्टर 9, चंडीगढ़-160017
8. शिक्षा निदेशक, सिक्किम सरकार, गंगटोक, सिक्किम –737101
9. स्कूल शिक्षा निदेशक, अरुणाचल प्रदेश सरकार, ईटानगर –791111
10. शिक्षा निदेशक, अंडमान और निकोबार द्वीप समूह सरकार, पोर्ट ब्लेयर – 744101
11. स्कूल शिक्षा निदेशक, लद्दाख, कमरा नं.101-102, भूतल, परिषद सचिवालय, कुर्बाथांग, कारगिल – लद्दाख
12. स्कूल शिक्षा निदेशक, आंध्र प्रदेश, तीसरी मंजिल, बी ब्लॉक, अंजनेया टावर्स, वीटीपीएस रोड, भीमाराजू गुट्टा, इब्राहिमपटनम, आंध्र प्रदेश – 521456
13. निदेशक, केंद्रीय तिब्बती स्कूल प्रशासन, ईएसएसईएसएस प्लाजा, सामुदायिक केंद्र, सेक्टर -3, रोहिणी, दिल्ली
14. अपर महानिदेशक, सेना शिक्षा, ए-विंग, सेना भवन, डीएचक्यू, पीओ, नई दिल्ली-110001
15. सचिव, एडब्ल्यूईएस, रक्षा मंत्रालय (सेना) का एकीकृत मुख्यालय, एफडीआरसी बिल्डिंग नं. 202, शंकर विहार (एपीएस के पास), दिल्ली कैंट-110010
16. राज्य परियोजना निदेशक, ओडिशा आदर्श स्कूल संगठन, नंबर-1/9, नयापल्ली, पी.ओ. सैनिक स्कूल, भुवनेश्वर, जिला-खोर्दा, ओडिशा-751005
17. अध्यक्ष, सीबीएसई के उस सचिव
18. सभी निदेशक/परीक्षा नियंत्रक/सीवीओ, सीबीएसई
19. सीबीएसई के सभी क्षेत्रीय निदेशक/क्षेत्रीय अधिकारीगण को इस अनुरोध के साथ कि वे अपने-अपने क्षेत्रों में बोर्ड से संबद्ध सभी स्कूलों के प्रमुखों को यह अधिसूचना भेजें।
20. सभी संयुक्त सचिव/उप सचिव/अवर सचिव/सहायक सचिव, सीबीएसई
21. सभी प्रमुख/प्रभारी, उत्कृष्टता केंद्र, सीबीएसई
22. संयुक्त सचिव (आईटी इकाई) को इस अनुरोध के साथ कि इस अधिसूचना को सीबीएसई वेबसाइट पर अपलोड करें।

हस्ता/-
**सचिव**

**अनुलग्नक -ए**

**वर्चुअल कार्यशालाएँ**

## 'करियर काउंसलिंग के माध्यम से स्कूलों में बदलाव'

**जुलाई, 2024**

| सत्रों का विवरण |
|---|
| बुधवार, 03 जुलाई 2024, दोपहर 3.00-5.00 बजे (भारतीय मानक समय)<br><br>**प्रधानाचार्यों/स्कूल नेतृत्वकर्ताओं के लिए**<br><br>**सत्र का शीर्षक - प्रिंसिपल पायनियर्स: सीबीएसई स्कूलों के लिए करियर काउंसलिंग में नए क्षेत्रों की रूपरेखा तैयार करना**<br><br>**विवरण:** सीबीएसई विद्यालयों के प्रधानाचार्यों के लिए डिज़ाइन की गई यह कार्यशाला उभरते शिक्षा परिदृश्य में करियर काउंसलिंग की महत्वपूर्ण भूमिका पर विमर्श का मंच उपलब्ध कराती है। यह कार्यशाला काउंसलिंग के इन दोहरे प्रभावों/ लाभ को रेखांकित करती है : छात्रों के अधिगम परिणामों/प्रतिफल में तत्काल सुधार और बेहतर स्वास्थ्य, रोजगार के लिए तत्परता व मजबूत पूर्व-छात्र नेटवर्क जैसे दीर्घकालिक लाभ। नीतिपरक रूपरेखा से चालित इस सत्र में स्कूल तंत्र में प्रणालीगत परिवर्तनों के लिए रणनीतियाँ / कार्ययोजनाएं प्रस्तुत की जाएंगी। प्रतिभागी एक ऐसे व्यापक परामर्श कार्यक्रम को एकीकृत करने के बारे में जानेंगे जो नई शिक्षा नीति (NEP) के साथ संरेखित हो, जिसका उद्देश्य एक ऐसा शैक्षिक वातावरण बनाना हो जहाँ छात्र शैक्षणिक रूप से उत्कृष्ट प्रदर्शन करें और अपने भावी करियर के लिए अच्छी तरह से तैयार हों। यह कार्यशाला शिक्षकों के बीच सहयोग को प्रोत्साहित करती है ताकि स्कूलों को समग्र छात्र विकास के लिए सहायक पारिस्थितिकी तंत्र के रूप में ढाला जा सके। यह शैक्षिक नेतृत्वकर्ताओं के लिए शिक्षा में एक महत्वपूर्ण, सकारात्मक बदलाव में योगदान करने का एक अवसर है, यह सुनिश्चित करते हुए कि छात्र आगे आने वाली चुनौतियों और अवसरों के लिए तैयार हों।<br><br>**अधिगम परिणाम/प्रतिफल:**<br><br>सत्र का उद्देश्य:<br>● विभिन्न स्कूल प्रणालियों और विद्यार्थियों के अधिगम परिणामों पर करियर परामर्श के तत्काल और समग्र प्रभाव को समझना<br>● एनईपी पर आधारित एकीकरण – भावी समग्र विद्यालय बनाने में करियर मार्गदर्शन की भूमिका |

बुधवार, 10 जुलाई 2024, दोपहर 3.00- 5.00 बजे (भारतीय मानक समय)

**शिक्षकों के लिए**

**सत्र का शीर्षक: रचनान्तरणपरक शिक्षण : सीबीएसई पाठ्यक्रम में करियर शिक्षाको एकीकृत करना**

**विवरण:** सीबीएसई स्कूल शिक्षकों के लिए यह कार्यशाला छात्रों का करियर मार्गदर्शन करने में शिक्षकों की महत्वपूर्ण भूमिका की संभावनाओं का आकलन करती है और उनके द्वारा कक्षा में दैनिक शिक्षण-अधिगम के दौरान छात्रों पर पड़ने वाले नियमित और निरंतर प्रभाव से लाभान्वित होने की ओर लक्षित है। यह प्रेरणा के सहज क्षणों को सुविचारित और सुव्यवस्थित मार्गदर्शन की ओर उन्मुख करने पर बल देती है। शिक्षकों का प्रत्यक्ष, प्रभावशाली रणनीतियों से परि चय कराया जाएगा ताकि वे अपने पाठ्यक्रम में करियर शिक्षा को शामिल करें, जिससे छात्रों की भागीदारी और उपलब्धि में सुधार होगा। इसके अलावा, सत्र का उद्देश्य विशिष्ट विषयों में शिक्षकों की विशेषज्ञता का, प्रोत्साहन और मार्गदर्शन हेतु उत्प्रेरक के रूप में उपयोग करते हुए, शिक्षकों का कौशल निर्माण करना है ताकि वे सर्वोत्तम और उपयुक्त निर्णय लेने में छात्रों की सहायता कर सकें। इस कार्यशाला का एक और महत्वपूर्ण बिंदु परामर्श की अवधारणा को सभी स्कूल शिक्षकों के बीच सामूहिक जिम्मेदारी के रूप में रखना है। यह दृष्टिकोण इस विचार को सुदृढ करता है कि छात्रों के भविष्य के लिए प्रभावी मार्गदर्शन और समर्थन सुनिश्चित किया जाना एक साझा कर्तव्य है, जो सहयोगात्मक, सुविचारित परामर्श पद्धतियों के माध्यम से स्कूल के शैक्षिक वातावरण को बेहतर बनाता हो।

**अधिगम परिणाम/प्रतिफल:**

- अनभिप्रेत प्रेरणा से सुविचारित मार्गदर्शन की ओर उन्मुख होना - 10% परामर्शदाता के रूप में छात्रों को सुविचारित निर्णय लेने के लिए मार्गदर्शन और प्रेरणा देने की तकनीकें
- कक्षा में अधिगम और छात्र परिणामों/प्रतिफलों को वर्धित/संवर्धित करने के लिए सहज करियर शिक्षा एकीकरण

गुरुवार , 18 जुलाई 2024, दोपहर 3.00- 5.00 बजे (भारतीय मानक समय)

**परामर्शदाताओं के लिए**

**सत्र का शीर्षक: विवेकपूर्ण करियर निर्माण: सीबीएसई स्कूलों में काउंसलिंग पर पुनर्विचार**

**विवरण:** सीबीएसई स्कूल परामर्शदाताओं के लिए यह कार्यशाला पारंपरिक "परीक्षण करना और अवगत करना" की उन परामर्श विधियों से आगे बढ़ने के लक्ष्य के साथ आयोजित हो रही है, जो प्राय: छात्रों का स्कूल के अंतिम वर्ष में केवल मनोवैज्ञानिक आकलन करने और एक बार परामर्श सत्र आयोजित किए जाने तक सीमित होती हैं। इसके बजाय, यह प्रारंभिक चरण से ही स्व-चिंतन और निर्णय लेने के कौशल विकसित करने को बढ़ावा देती है। यह कार्यक्रम छात्रों का ऐसे करियर की ओर मार्गदर्शन करने में परामर्शदाताओं की आवश्यक भूमिका को प्रमुखता देता है जो उनकी क्षमताओं के अनुरूप हो और वे समाज में सकारात्मक योगदान दे सकें। यह वर्तमान वैश्विक मुद्दों को संबोधित करने और संधारणीय विकास को बढ़ावा देने में विशेष रूप से महत्वपूर्ण है। करियर विकल्पों और उनके सामाजिक प्रभाव के बीच संबंधों पर प्रकाश डालते हुए , यह कार्यशाला छात्रों का ऐसे करियर निर्णय लेने में मार्गदर्शन करने हेतु परामर्शदाताओं को तैयार करती है जो न केवल उद्देश्यपूर्ण हों बल्कि विकासोन्मुख भी हों। यह दृष्टिकोण छात्रों की स्वाभिमान और संतृप्ति की भावना को बढ़ाता है और उनके समग्र कल्याण और व्यक्तिगत विकास में सकारात्मक योगदान देता है। इस व्यापक दृष्टिकोण के माध्यम से, इस कार्यशाला का उद्देश्य परामर्शदाताओं को सुविचारित, उद्देश्य-उन्मुख व्यक्तियों की एक पीढ़ी के विकास के लिए आवश्यक रणनीतियों / कार्य-योजनाओं से सज्जित करना है।

**अधिगम परिणाम/प्रतिफल:**

- "परीक्षण करना और अवगत करना" मॉडल से छात्र-सशक्त/स्व-निर्देशित परामर्श पद्धति की ओर उन्मुख होना - छात्रों को जीवन कौशल से सज्जित करना
- सोद्देश्य करियर निर्णय लेने की ओर उन्मुख होना - सकारात्मक सामाजिक प्रभाव लाने के अवसरों हेतु मार्गदर्शन

बुधवार, 24 जुलाई 2024, दोपहर 3.00- 5.00 बजे (भारतीय मानक समय)

**माता-पिता के लिए**

**सत्र का शीर्षक: चयन की शक्ति: सीबीएसई अभिभावकों कोसुविचारित करियर निर्णय के लिए सशक्त बनाना**

**विवरण:** यह कार्यशाला सीबीएसई स्कूलों के अभिभावकों के लिए है। यह शिक्षा और करियर के विकल्पों में बच्चों में निर्णय लेने की क्षमता /स्वायत्तता विकसित करने और सहयोगात्मक निर्णय लेने को महत्व देती है। यह कार्यक्रम उस डर और अनिश्चितता से निपटने की चुनौतियों को संबोधित करता है जो प्राय: करियर निर्णय लेने की प्रक्रिया के दौरान सामने आती हैं । सम्पूर्ण जानकारी और मूल्यांकन सुनिश्चित करने हेतु व्यवस्थित दृष्टिकोण का उपयोग करते हुए, प्रतिभागियों को विभिन्न कार्य क्षेत्रों और उभरते करियर अवसरों में संरचित/सुव्यवस्थित शोध में शामिल होने के तरीकों से अवगत कराया जाएगा। अपने बच्चों की यात्रा में प्राधिकारिक पथ-प्रदर्शक से सहभागी समर्थक/सहयोगी के रूप में उनके बदलाव पर ध्यान केंद्रित किया जाएगा, और आपसी सम्मान और समझ के माहौल को बढ़ावा देने के लिए व्यावहारिक कार्य-योजनाएं प्रस्तुत की जाएंगी । इस दृष्टिकोण का उद्देश्य सुविचारित करियर निर्णय लेने की जटिलताओं के मध्य माता-पिता को अपने बच्चों का प्रभावी ढंग से मार्गदर्शन करने के लिए सशक्त बनाना है।

**अधिगम परिणाम/प्रतिफल:**

- बच्चों को जिम्मेदारी के साथ निर्णय लेने के लिए स्वायत्तता प्रदान करना और सशक्त बनाना
- यह समझना की विभिन कार्य क्षेत्रों के रुझानों को कैसे जानें, तथा नए और उभरते करियर मार्गों की खोज कैसे करें - संरचित शोध पद्धति को प्रमुखता देने के साथ

सोमवार , 29 जुलाई 2024, दोपहर 3.00- 5.00 बजे (भारतीय मानक समय)

**छात्रों के लिए**

**सत्र का शीर्षक: अंतर्दृष्टि से प्रभाव तक - सीबीएसई छात्र करियर योजना के लिए आत्मचिंतन रणनीतियाँ**

**विवरण:** सीबीएसई के विद्यालयों के छात्रों के लिए डिज़ाइन की गई यह कार्यशाला, छात्रों को अपनी अनूठी प्रतिभाओं और योग्यताओं को पहचानने में आत्मनिर्भर बनाने के लिए आधारभूत कौशल के रूप में चिंतनशील दृष्टिकोण के महत्व को रेखांकित करती है। आत्म-पर्यवेक्षण को प्रोत्साहित करने वाले वातावरण को बढ़ावा देते हुए, छात्रों को अपने स्वयं के सुदृढ़ पक्षों को समझने और शिक्षा और करियर के भावी अवसरों के साथ इनका तालमेल बैठाने के लिए मार्गदर्शन किया जाता है। इसका मुख्य उद्देश्य छात्रों को अपनी क्षमताओं का निरंतर आकलन करने और कार्यबल और शिक्षा क्षेत्रों में उभरते रुझानों के अनुसार स्वयं को ढालने के लिए सरल तकनीकों से सज्जित करना है, जिससे उनकी क्षमताओं और करियर पथ का जीवन-पर्यंत तालमेल सुनिश्चित हो सके। इसके अतिरिक्त, कार्यशाला में अभिनव, खेल जैसी रोचक और उत्साहपूर्ण करियर अनुसंधान तकनीकें पेश की जाती हैं, जिससे खोज/अन्वेषण प्रक्रिया सुखद और जानकारी युक्त होती है। इससे छात्रों का उत्साह बना रहता है और सही जानकारी मिलती है, जिससे सुव्यवस्थित, तार्किक और ठोस निर्णय लेने में सुविधा होती है। इस दृष्टिकोण के माध्यम से, छात्रों को उनकी क्षमताओं की पहचान कराते हुए अनुसंधान कौशल की ठोस नींव पर, आत्मविश्वास के साथ भविष्य की स्थितियों का सामना करने के लिए तैयार किया जाता है।

**अधिगम परिणाम/प्रतिफल:**

- जन्मजात क्षमताओं को पहचानने और एक सर्वांगीण व्यक्तित्व बनाने के लिए एक चिंतनशील दृष्टिकोण
- करियर अन्वेषण के लिए एक खेल जैसा रोचक और उत्साहपूर्ण दृष्टिकोण

*****